Seventeenth Loksabha

>

Title: The Speaker made observation regarding maintaining proper decorum and dignity of the House.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न काल सभी माननीय सदस्यों का एक महत्वपूर्ण अधिकार होता है। मेरा प्रयास होता है कि प्रश्न काल चले ताकि माननीय सदस्य जनता की भावनाओं और अभिव्यक्ति को रख सकें और कार्यपालिका पर जवाबदेही निश्चित कर सकें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सदन में कुछ माननीय सदस्य संसदीय मर्यादाओं का बहुत उल्लंघन करते हैं। मैं उन सभी माननीय सदस्यों से आग्रह कर रहा हूँ कि संसद की मर्यादा को बनाए रखें। अगर बार-बार संसदीय मर्यादाओं का उल्लंघन करेंगे तो मुझे अनुशासन की ठोस कार्यवाही करनी पड़ेगी। मैं आपसे बार-बार आग्रह कर रहा हूँ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, संसद की मर्यादा को बनाए रखें। यह संसद देश के लोकतंत्र की सबसे सर्वोच्च संस्था है। उसकी मर्यादा को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। मैं आपसे आग्रहपूर्वक कहता हूँ कि आप अपनी-अपनी सीट पर जा कर बैठें और जिस विषय पर चर्चा करना चाहते हैं, आप उस विषय पर चर्चा कीजिए। आपकी चर्चा कराने के लिए हम सरकार से आग्रह करेंगे। लेकिन आप अपनी सीट पर जा कर बैठिए।

…(व्यवधान)

16.05 ½ hrs

At this stage, Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही 4 बज कर 30 मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

…(व्यवधान)

16.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Thirty Minutes

past Sixteen of the Clock.

-

16.31 hrs.

The Lok Sabha reassembled at Thirty One

Minutes past Sixteen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

…(व्यवधान)

ORAL ANSWER TO QUESTION-Contd…

HON. SPEAKER: Shri Naba Kumar Sarania – not present.

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: जगदम्बिका पाल जी।

…(व्यवधान)

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने विस्तार से जवाब दिया है।…(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि whether it is true that the BSNL has lost more than 10 lakh subscribers between June and November 2020. How many subscribers from the North Eastern States and the Aspirational Districts, as the North Eastern States fall under this category?

16.32 hrs

At this stage, Shri Bhagwant Mann, Shri Hibi Eden, Adv. A.M. Arif and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, आप अपनी बात कह दें।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, ये सभी मेम्बर्स चाहते हैं कि किसान मुद्दे की गम्भीरता और उसकी अहमियत के चलते प्रेसिडेंशियल एड्रेस पर और किसान के मुद्दे पर अलग-अलग चर्चा हो।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन के काँग्रेस दल के माननीय नेता और सभी दलों के नेताओं से चर्चा हो चुकी है। मैं आप सबसे आग्रह करूंगा कि आप सभी अपनी सीट्स पर जाकर बैठिए। मैं व्यवस्था दूंगा। आप अपनी सीट्स पर जाकर बैठिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अभी कुछ संसदीय परम्पराओं का पालन कीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज़, आप अपनी सीट पर जाएं। कोई बात होती है तो वह डिसिप्लिन में हो।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आपकी वह चर्चा होगी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं आपसे पुन: आग्रह कर रहा हूं। मैं सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर सदन में देता हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: भगवंत मान जी, अगर आपको चर्चा करनी है तो आप अपनी सीट पर जाइए। मैं आपको पर्याप्त अवसर दूंगा, लेकिन, अगर आप चर्चा नहीं करना चाहते हैं, संसद की मर्यादा को नहीं रखना चाहते हैं तो मुझे आपके खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, प्लीज़, ऐसा न करें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, प्लीज़, अपनी सीट पर बैठें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मैं आपसे पुन: आग्रह कर रहा हूँ कि आप सब माननीय सदस्य अपने-अपने आसन पर जाकर विराजें। मैं आपको पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूँगा।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: प्लीज, आप अपनी-अपनी सीट पर बैठिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सभा की कार्यवाही पांच बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

…(व्यवधान)

16.35 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till

Seventeen of the Clock.

***WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

(Starred Question Nos. 22 to 40

Unstarred Question Nos. 231 to 460)

(Page No. 21-599)

<u>17.01 hrs</u>

The Lok Sabha reassembled at One Minute

past Seventeen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

…(व्यवधान)

<u>17.01 ¼ hrs</u>

(At this stage, Shri Anto Antony, Shri Bhagwant Mann, Shrimati Harsimrat Kaur Badal and some other hon. Members stood on the floor near the Table.)

…(<u>व्यवधान</u>)